प्रश्न–पत्र पुस्तिका
**QUESTION PAPER BOOKLET**

पुस्तिका मे पृष्ठों की सख्या : 56
Number of Pages in Booklet : 56

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150
Number of Questions in Booklet : 150

समय / Time : 3.00 घंटे / Hours

**बुकलेट सीरीज**
**BOOKLET SERIES** **A**

पूर्णांक / Maximum Marks : 150

## INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question.
4. If more than one answer is marked, it would be treated as wrong answer.
5. Answers are to be marked on the OMR Answer Sheet, provided separately.
6. Each question has four options marked serially as 1,2,3,4 out of which only one is correct. Candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct OMR answer on the Answer Sheet using BLACK/ BLUE BALL POINT PEN.
7. There is no Negative Marking.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules
9. Please fill your Roll Number and Series printed on Question Paper Booklet on O.M.R. Answer Sheet, carefully and correctly.
10. If there is any sort of ambiguity / mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.
11. Answer to the question by darkening multiple circles or by wrong method shall not be evaluated.
12. **Answer to the question by using whitener or eraser or using any other method to erase the darkened circle, shall not be evaluated.**

**Warning :** Candidate using unfair means in the examination will be disqualified & action as per law shall be taken.

## निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान है।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जायेगा।
5. प्रश्नों के उत्तर पृथक से दिये गये ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अंकित करें।
6. प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1,2,3,4 अंकित किया गया है, जिनमे से एक सही है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमे से केवल एक गोले अथवा बबल को ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर नीले / काले बॉल प्वॉइंट पेन से गहरा करना है।
7. कोई नकारात्मक अंकन नही है।
8. परीक्षा हॉल में मोबाईल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र पूर्णतः वर्जित है। किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी वर्जित सामग्री पाये जाने पर उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी।
9. कृपया अपना रोल नम्बर एवं प्रश्न–पत्र पुस्तिका पर अंकित सीरीज ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर सावधानी पूर्वक एवं सही भरें।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की अस्पष्टता / त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरो मे से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।
11. एक से अधिक गोले भरने या गलत तरीके से गोला भरने पर उस उत्तर का मूल्यांकन नही किया जायेगा।
12. **भरे गये गोले को व्हाइटनर या रबड़ या किसी अन्य तरीके से मिटाने पर उस उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।**

**चेतावनी :** परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा एवं विधिनुसार कार्यवाही की जायेगी।



https://www.pyqonline.com

1. Under Section 468 Cr.P.C., the period of limitation would be calculated with reference to:-

(1) The order framing charge

(2) The order taking cognizance of an offence

(3) The date of filing of the F.I.R./Complaint

(4) None of the above

दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 468 के अंतर्गत, परिसीमा काल की गणना की जाएगी:–

(1) आरोप विरचित करने के आदेश के संदर्भ में

(2) अपराध का प्रसंज्ञान लेने के आदेश के संदर्भ में

(3) प्रथम सूचना रिपोर्ट/परिवाद प्रस्तुत करने की दिनांक के संदर्भ में

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

2. An Executive Magistrate may drop the order of attachment of immovable property by resorting to provision under Section:-

(1) 133 Cr.P.C.

(2) 139 Cr.P.C.

(3) 144 Cr.P.C.

(4) 145 (5) Cr.P.C.

किस धारा के प्रावधान की मदद से, एक कार्यपालक मजिस्ट्रेट अचल सम्पत्ति की कुर्की के आदेश को रद्द कर सकता है:–

(1) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 133

(2) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 139

(3) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144

(4) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 (5)

3. The offence of fouling of water of spring or reservoir is punishable:-

(1) Under Section 425 I.P.C.

(2) Under Section 430 I.P.C.

(3) Under Section 277 I.P.C.

(4) Under Section 278 I.P.C.

जल–स्त्रोत या जलाशय के जल को कलुषित करने का अपराध दण्डनीय है:–

(1) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 425 के अन्तर्गत

(2) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 430 के अन्तर्गत

(3) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 277 के अन्तर्गत

(4) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 278 के अन्तर्गत



https://www.pyqonline.com

4. The offence of extortion by threat of accusation of an offence punishable with death, imprisonment for life or imprisonment for 10 years, is:-

(1) Non-Cognizable

(2) Bailable

(3) Triable by the court of Sessions

(4) All of the above

मृत्यु, आजीवन कारावास या दस वर्ष के लिए कारावास से दण्डनीय अपराध का अभियोग लगाने की धमकी देकर उद्दापन कारित करने का अपराध है:–

(1) असंज्ञेय

(2) जमानतीय

(3) सेशन न्यायालय द्वारा विचारणीय

(4) उपरोक्त सभी

5. Which of the following irregularities committed by any Magistrate not empowered by law in this behalf, vitiates the proceedings?

(1) If he holds an inquest under Section 176 Cr.P.C.

(2) If he tenders a pardon under Section 306 Cr.P.C.

(3) If he issues search warrant under Section 94 Cr.P.C.

(4) If he demands security for good behaviour

निम्न में से कौनसी अनियमितता, किसी मजिस्ट्रेट जो विधि द्वारा इस निमित्त सशक्त नहीं है, द्वारा किए जाने पर, कार्यवाही को दूषित करती है?

(1) यदि वह दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 176 के अन्तर्गत मृत्यु–समीक्षा करता है

(2) यदि वह दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 306 के अन्तर्गत क्षमादान करता है

(3) यदि वह दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 94 के अन्तर्गत तलाशी वारण्ट जारी करता है

(4) यदि वह सदाचार के लिए प्रतिभूति की मांग करता है

6. **Power of the court to convert summons cases into warrant cases is provided under which of the following Sections of the Cr.P.C.?**

(1) Section 302

(2) Section 259

(3) Section 301

(4) Section 322



https://www.pyqonline.com

सम्मन मामलों को वारण्ट मामलों मे परिवर्तित करने की न्यायालय की शक्ति दण्ड प्रक्रिया संहिता की निम्नलिखित धाराओं मे से किसके अन्तर्गत प्रदत्त की गई है?

(1) धारा 302

(2) धारा 259

(3) धारा 301

(4) धारा 322

7. Dislodging a tooth by a fist blow is an offence punishable under Section:-

(1) 325 I.P.C.

(2) 323 I.P.C.

(3) 324 I.P.C.

(4) 326 I.P.C.

मुष्टि प्रहार द्वारा दात के विसंधान करने का अपराध दण्डनीय है:–

(1) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 325 के अन्तर्गत

(2) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 323 के अन्तर्गत

(3) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 324 के अन्तर्गत

(4) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 326 के अन्तर्गत

8. Stolen property under Section 410 I.P.C. shall not include:-

(1) Property which has been criminally misappropriated

(2) Property in respect of which criminal breach of trust has been committed

(3) Property the possession whereof has been transferred by robbery

(4) None of the above

भारतीय दण्ड संहिता की धारा 410 के अन्तर्गत चुराई गई सम्पति मे सम्मिलित नहीं है:–

(1) सम्पत्ति, जिसका आपराधिक दुर्विनियोग किया गया है

(2) सम्पत्ति, जिसके विषय में आपराधिक न्यास भंग किया गया है

(3) सम्पत्ति, जिसका कब्जा लूट द्वारा अंतरित किया गया है

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

9. Which provision of Code of Criminal Procedure, 1973 prohibits second revision by the same party?

(1) Section 401(3)

(2) Section 401(5)

(3) Section 397(1)

(4) Section 397(3)



https://www.pyqonline.com

दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 का कौन सा प्रावधान उसी पक्षकार द्वारा द्वितीय पुनरीक्षण को निषिद्ध करता है?

(1) धारा 401(3)

(2) धारा 401(5)

(3) धारा 397(1)

(4) धारा 397(3)

10. While entertaining a revision against acquittal, the High Court can pass the following order:-

(1) Direct retrial/de-novo trial

(2) Reverse the acquittal and convict the accused

(3) Direct summoning of additional accused

(4) None of the above

दोषमुक्ति के विरूद्ध पुनरीक्षण याचिका पर विचार करते समय उच्च न्यायालय निम्नलिखित आदेश पारित कर सकता है:–

(1) पुनः विचारण / नये सिरे से विचारण हेतु निर्देश

(2) अभियुक्त के दोषमुक्ति के आदेश को पलटना और दोषसिद्ध करना

(3) अतिरिक्त अभियुक्त को सम्मन करने का निर्देश

(4) उपरोक्त मे से कोई नही

11. Under Indian Evidence Act 1872, which among the following does not come under the category of privileged communications?

(1) Communications made during marriage

(2) Communications made by a witness who is unable to communicate verbally

(3) Official communications

(4) Professional Communications

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अन्तर्गत, निम्नलिखित में से कौनसी, विशेषाधिकार संसूचना की श्रेणी में नहीं आती है?

(1) विवाहित स्थिति के दौरान में की गई संसूचनाएं

(2) ऐसे साक्षी द्वारा की गई संसूचनाएं जो मौखिक रूप से संसूचित करने में अक्षम है

(3) शासकीय संसूचनाएं

(4) वृत्तिक संसूचनाएं

12. Under section 45 of Indian Evidence Act, 1872 opinion of an expert witness is:-

(1) A conclusive proof

(2) Is not relevant

(3) Is not admissible

(4) Is not a conclusive proof

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 45 के अंतर्गत एक विशेषज्ञ साक्षी की राय:–

(1) एक निश्चायक सबूत है

(2) सुसंगत नहीं है

(3) ग्राह्य नहीं है

(4) एक निश्चायक सबूत नहीं है



https://www.pyqonline.com

13. Presumption as to electronic agreements is provided in section ....... of Indian Evidence Act, 1872:-

(1) 85

(2) 85-A

(3) 85-B

(4) 85-C

इलेक्ट्रॉनिक करारों के बारे में उपधारणा भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा ..... में प्रावधानित है:-

(1) 85

(2) 85-क

(3) 85-ख

(4) 85-ग

14. Under Section 230 of the Indian Penal Code, 1860, which of the following is not or has not been a "Coin/Indian Coin"?

(1) The coin denominated as the company's rupees.

(2) The 'Farrukhabad Rupee'

(3) A metal used for the time being as money and stamped and issued by the authority of some state or sovereign power.

(4) Bitcoin

भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 230 के अन्तर्गत निम्न में से क्या "सिक्का/भारतीय सिक्का" नहीं है या नहीं रहा?

(1) जिस सिक्के का नाम कम्पनी रूपया है

(2) फरूखाबाद रूपया

(3) तत्समय धन के रूप में उपयोग मे लाई जा रही और इस प्रकार उपयोग मे लाये जाने के लिए किसी राज्य या संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न शक्ति के प्राधिकार द्वारा स्टाम्पित और प्रचलित धातु

(4) बिटकॉईन

15. Whoever dishonestly removes and converts to his own use valuables from a human dead body, would be liable for the offence under:-

(1) section 392 of I.P.C.

(2) section 379 of I.P.C.

(3) section 404 of I.P.C.

(4) section 406 of I.P.C.



https://www.pyqonline.com

जो कोई मानव मृत शरीर से मूल्यवान सामान बेईमानीपूर्वक हटाता है एवं स्वयं के उपयोग में परिवर्तित करता है, वह अपराध का दायी होगा:–

(1) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 392 के अन्तर्गत

(2) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 379 के अन्तर्गत

(3) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 404 के अन्तर्गत

(4) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 406 के अन्तर्गत

16. Who among the following is entitled to claim maintenance under section 125 of Cr.P.C.?

(1) Wife living in adultery

(2) Major married daughter who cannot maintain herself

(3) Both Husband and wife living separately by mutual consent

(4) None of the above

दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अन्तर्गत निम्न में से कौन भरण–पोषण का दावा करने का हकदार है?

(1) पत्नी, जो जारता की दशा में रह रही है

(2) वयस्क विवाहित पुत्री, जो अपना भरण–पोषण करने में असमर्थ है

(3) पति एवं पत्नी दोनो, जो पारस्परिक सम्मति से पृथक रह रहे हैं

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

17. An application filed under section 257 of Criminal Procedure Code, 1973 is allowed, so the accused will be:-

(1) Released

(2) Discharged

(3) Convicted

(4) Acquitted

दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 257 के अन्तर्गत प्रस्तुत आवेदन स्वीकृत किया गया, इसलिए अभियुक्त:–

(1) छोड़ दिया जाएगा

(2) उन्मोचित कर दिया जाएगा

(3) दोषसिद्ध किया जाएगा

(4) दोषमुक्त किया जाएगा



https://www.pyqonline.com

18. To prove call details report (CDR) of the mobile calls, condition of which section is to be fulfilled?

(1) Section 63 of Indian Evidence Act, 1872

(2) Section 65 of Indian Evidence Act, 1872

(3) Section 65-B of Indian Evidence Act, 1872

(4) Section 67 of Indian Evidence Act, 1872

मोबाईल कॉल्स की कॉल डिटेल्स रिपोर्ट (सी.डी.आर.) को साबित करने के लिए किस धारा की शर्तों को पूरा किया जाना चाहिए?

(1) भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 63

(2) भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 65

(3) भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 65–ख

(4) भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 67

19. Under Section 320 of I.P.C. which of following kinds of hurt is not designated as "Grievous hurt":-

(1) Emasculation

(2) Privation of any joint

(3) Permanent disfiguration of the chest

(4) Dislocation of tooth

भारतीय दण्ड संहिता की धारा 320 के अन्तर्गत निम्नलिखित उपहतियों के प्रकार में से कौनसी "गम्भीर उपहति" के रूप में निर्दिष्ट नहीं की गई है:–

(1) पुंसत्वहरण

(2) किसी भी जोड़ का विच्छेद

(3) छाती का स्थायी विद्रूपीकरण

(4) दांत का विसंधान

20. As defined in I.P.C. a "Woman" denotes a female human being of:-

(1) above 16 years of age

(2) above 18 years of age

(3) above 21 years of age

(4) any age

भारतीय दण्ड संहिता में जैसा परिभाषित है, "स्त्री" शब्द मानव नारी का द्योतक है, जो:–

(1) 16 वर्ष से अधिक आयु की है

(2) 18 वर्ष से अधिक आयु की है

(3) 21 वर्ष से अधिक आयु की है

(4) किसी भी आयु की है



https://www.pyqonline.com

21. The S.H.O. of a Police Station is conducting investigation of a murder case. The custody period of 90 days of one accused is coming to an end but the investigation is not complete. The Investigating Officer may file partial charge-sheet while keeping investigation pending under:-

(1) Section 172 Cr.P.C.

(2) Section 167 (2) Cr.P.C.

(3) Section 173 (8) Cr.P.C.

(4) Section 154 Cr.P.C.

एक थाने का भारसाधक अधिकारी एक हत्या के मामले का अन्वेषण कर रहा है। एक अभियुक्त की 90 दिनो की अभिरक्षा की अवधि समाप्त होने को है लेकिन अन्वेषण पूर्ण नहीं हुआ है। अन्वेषण को लम्बित रखते हुए, अन्वेषण अधिकारी भागतः आरोप पत्र प्रस्तुत कर सकता है:–

(1) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 172 के अन्तर्गत

(2) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 167 (2) के अन्तर्गत

(3) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 173 (8) के अन्तर्गत

(4) दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 154 के अन्तर्गत

22. Which of the following statements is correct?
A Magistrate trying a summons case:-

(1) shall frame charge after hearing the accused and the prosecution.

(2) may discharge the accused after hearing the prosecution and the accused.

(3) shall not hear the accused and simply particulars of the offence shall be stated to him.

(4) None of the above.

निम्न कथनों में से कौन सा सही है?
समन मामले का विचारण कर रहा मजिस्ट्रेट:–

(1) अभियुक्त एवं अभियोजन को सुनने के पश्चात आरोप विरचित करेगा।

(2) अभियुक्त एवं अभियोजन को सुनने के पश्चात अभियुक्त को उन्मोचित कर सकता है।

(3) अभियुक्त को नहीं सुनेगा और उसे सिर्फ अपराध की विशिष्टियां बताएगा।

(4) उपरोक्त में से कोई नही।

23. Entries in books of account maintained in an electronic form:-

(1) alone are sufficient evidence to charge any person with liability.

(2) are only corroborative evidence.

(3) are inadmissable in evidence.

(4) are irrelevent for the purpose of evidence.

लेखा पुस्तकों की प्रविष्टियां जो इलेक्ट्रोनिक रूप में रखी गई हों:–

(1) किसी व्यक्ति को दायित्व से भारित करने के लिए अपने आप में पर्याप्त साक्ष्य हैं।

(2) केवल संपुष्टिकारक साक्ष्य हैं।

(3) साक्ष्य में ग्रहण योग्य नहीं हैं।

(4) साक्ष्य के उद्देश्य के लिए असंगत हैं।



https://www.pyqonline.com

24. Which of the following documents, though registered in accordence with the provisions of The Indian Registration Act, 1908, requires calling an attesting witness in proof of execution of such registered document?

(1) Gift deed

(2) Mortgage deed

(3) Will

(4) None of the above

निम्न में से कौन सा दस्तावेज, जो कि भारतीय पंजीयन अधिनियम, 1908 के प्रावधानों के अनुसार पजीकृत कराया गया हो, को साबित करने के लिए उक्त पंजीकृत दस्तावेज के निष्पादन के प्रमाणस्वरूप अनुप्रमाणक साक्षी को बुलाया जाना आवश्यक है?

(1) दानपत्र

(2) बन्धक विलेख

(3) वसीयत

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

25. If a witness is intended to be contradicted during cross examination by his previous statement in writing, the same can be done:-

(1) without such writing being shown to him.

(2) without such writing being proved.

(3) after his attention is called to those parts of the statement, which are used for the purpose of contradicting him.

(4) the previous writing of the witness can not be contradicted at all.

यदि प्रतिपरीक्षा के दौरान किसी साक्षी का उसके पूर्व लेखबद्ध कथनों का खण्डन करने का आशय है, तो ऐसा किया जा सकता है:-

(1) उक्त लेख को उसे दिखाए बिना।

(2) उक्त लेख को साबित किए बिना।

(3) उसका ध्यान उस लेख के उन भागों की ओर आकर्षित करके जिनका उपयोग उसका खण्डन करने के प्रयोजन से किया जाना है।

(4) साक्षी के पूर्व लेखबद्ध कथनों का खण्डन किया ही नहीं जा सकता।



https://www.pyqonline.com

26. Consent to an agreement caused by fraudulent misrepresentation makes the agreement:-

(1) void

(2) voidable

(3) sham transaction

(4) ignorable

एक करार के लिये कपटपूर्ण दुर्व्यपदेशन द्वारा कारित सम्मति, उस करार को बनाती है:-

(1) शून्य

(2) शून्यकरणीय

(3) मिथ्या सव्यवहार

(4) उपेक्षा योग्य

27. In a suit, the trial court passed a decree for recovery of possession of immovable property. The defendant filed an appeal. No stay of execution of decree was granted by the appellate court. Pending the appeal, the possession of the suit property was delivered to the plaintiff in execution of the decree. Ultimately the appellate court allowed the appeal and dismissed the suit. The appellate decree has become final. What is the remedy available to the defendant?

(1) File a suit for recovery of possession.

(2) File an application under Order XXI Rule 97 C.P.C.

(3) File an application before the appellate court under Section 144 C.P.C. for restitution.

(4) File an application before the trial court under Section 144 C.P.C. for restitution.

एक वाद में, विचारण न्यायालय स्थावर सम्पत्ति के कब्जेयाबी की डिक्री पारित करता है। प्रतिवादी अपील प्रस्तुत करता है। अपीलीय न्यायालय द्वारा डिक्री की इजराय का कोई स्थगन प्रदान नहीं किया गया। अपील के लम्बित रहते, डिक्री की इजराय में वादी को दावाकृत सम्पत्ति का आधिपत्य सुपुर्द किया गया। अतोत्गत्वा अपीलीय न्यायालय द्वारा अपील स्वीकार की गई और वाद खारिज किया गया। अपीलीय डिक्री अंतिम हो गई। प्रतिवादी को क्या उपचार उपलब्ध है?

(1) आधिपत्य प्राप्त करने हेतु वाद दायर करना।

(2) सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 21 नियम 97 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत करना।

(3) सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत अपीलीय न्यायालय के समक्ष प्रत्यास्थापन के लिये आवेदन प्रस्तुत करना।

(4) सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत विचारण न्यायालय के समक्ष प्रत्यास्थापन के लिये आवेदन प्रस्तुत करना।



https://www.pyqonline.com

28. In which of the following cases, leave of the court is necessary?

(1) When a minor plaintiff opts to abandon the suit on attaining majority.

(2) When a decree passed in favour of a minor is sought to be executed.

(3) For the next friend before entering into a compromise on behalf of the minor with reference to the suit in which he acts as next friend.

(4) To sue as next friend of a minor.

निम्न प्रकरणों में से किसमे, न्यायालय की अनुमति आवश्यक है?

(1) जब एक अप्राप्तवय व्यस्कता प्राप्त करने पर वाद के परित्याग करने का चुनाव करता है।

(2) जब एक अप्राप्तवय के पक्ष मे पारित डिक्री के निष्पादन की प्रार्थना की जाती है।

(3) वाद मित्र के लिए, ऐसे वाद के सदर्भ मे अप्राप्तवय की ओर से समझौता करने से पूर्व, जिसमे वह वाद मित्र के रूप में कार्य कर रहा है।

(4) एक अप्राप्तवय के वाद मित्र के रूप में दावा करने के लिए।

29. A buyer is not entitled to the statutory charge under Section 55(6)(b) of The Transfer of Property Act, 1882:-

(1) if he has delayed the payments.

(2) if he fails to sue for specific performance.

(3) if he has improperly declined to accept delivery of the property.

(4) if the agreement is silent about any charge.

सम्पत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 की धारा 55 (6)(ख) के अंतर्गत क्रेता वैधानिक भार का हकदार नहीं है:--

(1) यदि वह भुगतान मे देरी कर चुका है।

(2) यदि वह विर्निदिष्ट पालना हेतु वाद करने में असफल रहता है।

(3) यदि वह सम्पत्ति की सुपुर्दगी को स्वीकार करने से अनुचित रूप से इंकार कर चुका है।

(4) यदि करार किसी भार के बारे में मौन है।

30. A Private Limited Company filed a suit for recovery of rupees fifty thousand, but court fees paid on the plaint is deficient. The court shall:-

(1) require the District Collector to pay the court fee.

(2) exempt the plaintiff from paying the court fee.

(3) direct the plaintiff to pay the deficient court fee and if the same is not paid, reject the plaint.

(4) straightaway dismiss the suit.



https://www.pyqonline.com

एक प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी ने 50,000 रुपयों की वसूली हेतु वाद प्रस्तुत किया, परन्तु वाद पत्र पर कम न्याय शुल्क अदा किया। न्यायालयः-

(1) जिला कलेक्टर से न्याय शुल्क अदा करवाएगा।

(2) वादी को न्याय शुल्क अदा करने से छूट प्रदान करेगा।

(3) वादी को अपेक्षित न्याय शुल्क अदा करने का निर्देश देगा और यदि वह अदा नहीं किया जाता है, तो वादपत्र को नामंजूर कर देगा।

(4) तुरन्त वाद खारिज कर देगा।

31. Which one of the following is not a reason to admit additional evidence before an appellate court under Order XLI Rule 27 C.P.C.?

(1) Lower court has refused to admit evidence which ought to have been admitted.

(2) Party establishes that notwithstanding the exercise of due diligence, such evidence was not within his knowledge.

(3) The appellate court requires any document to be produced.

(4) Before the trial court, the party did not understand that the document was relevant.

सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 41 नियम 27 के अंतर्गत अपीलीय न्यायालय के समक्ष अतिरिक्त साक्ष्य स्वीकार करने का निम्नलिखित मे से कौन सा एक कारण नहीं है?

(1) साक्ष्य, जिसे स्वीकार किया जाना चाहिये था, को स्वीकार करने से अधीनस्थ न्यायालय मना कर चुका है।

(2) पक्षकार यह स्थापित करता है कि सम्यक तत्परता के बावजूद भी, ऐसी साक्ष्य उसके ज्ञान में नहीं थी।

(3) अपीलीय न्यायालय कोई दस्तावेज प्रस्तुत करने की अपेक्षा करता है।

(4) विचारण न्यायालय के समक्ष, पक्षकार यह नहीं समझ पाया कि दस्तावेज सुसंगत था।

32. A notice under Section 80 C.P.C. was issued by one person. Before expiry of the term of notice, he died. After the time prescribed, his son instituted a suit against the Government. Government takes up a contention that the suit is not maintainable since the plaintiff has not issued a notice. Decide.

(1) Notice sent by the father under Section 80 C.P.C. will enure to the benefit of the son.

(2) Notice sent by the father will not enure to the benefit of the son.

(3) Son should have issued a notice to the Government stating that he adopts the contentions of his father.

(4) Son should have intimated the Government about the death of his father before expiry of the term fixed in Section 80 C.P.C.



https://www.pyqonline.com

एक व्यक्ति द्वारा सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 80 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया। नोटिस की समय सीमा समाप्त होने से पूर्व उसकी मृत्यु हो जाती है। विहित समय के पश्चात, उसका पुत्र सरकार के विरूद्ध वाद संस्थित करता है। सरकार तर्क लेती है कि वाद पोषणीय नहीं है चूंकि वादी द्वारा नोटिस जारी नहीं किया गया है। तय कीजिए।

(1) सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 80 के अंतर्गत पिता द्वारा भेजे गये नोटिस का लाभ पुत्र को प्रवृत होगा।

(2) पिता द्वारा भेजे गये नोटिस का लाभ पुत्र को प्रवृत नहीं होगा।

(3) सरकार को पुत्र द्वारा एक नोटिस यह कहते हुए जारी किया जाना चाहिए था कि वह उसके पिता के कथनों को ग्रहण करता है।

(4) सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 80 में नियत समय सीमा की समाप्ति से पहले पुत्र द्वारा सरकार को उसके पिता की मृत्यु के सम्बन्ध में सूचित करना चाहिए था।

33. A continuing guarantee under Section 129 of the Indian Contract Act, 1872 extents to:-

(1) Multiple transactions

(2) Series of transactions

(3) Transactions with a common purpose

(4) Independent transactions

भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 129 के अंतर्गत एक चलत प्रत्याभूति का विस्तार है:–

(1) बहु संव्यवहारों पर

(2) संव्यवहारों की श्रृंखला पर

(3) सामान्य उद्देश्य के संव्यवहारों पर

(4) स्वतन्त्र सव्यवहारो पर

34. **Which among the following is not a method of settlement contemplated under Section 89 of Code of Civil Procedure, 1908?**

(1) **Arbitration**

(2) **Judicial settlement**

(3) **Adjudication**

(4) **Conciliation**

**सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 89 के अंतर्गत निम्न में से कौनसा समझौते का माध्यम अवेक्षित नहीं है?**

(1) माध्यरस्थम्

(2) न्यायिक समझौता

(3) न्याय निर्णय

(4) सुलह



https://www.pyqonline.com

35. The High Court shall not exercise Revision jurisdiction under Section 115 of the Code of Civil Procedure, 1908:-

(1) If the court subordinate exercised jurisdiction not vested in it by law.

(2) If the court subordinate exercised jurisdiction illegally.

(3) If the court subordinate failed to exercise jurisdiction so vested.

(4) If the order made by the High Court in favour of the party applying for revision does not finally dispose of the suit or other proceedings.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 115 के अंतर्गत उच्च न्यायालय पुनरीक्षण अधिकारिता का प्रयोग नहीं करेगा:-

(1) यदि अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अधिकारिता का प्रयोग किया गया जो उसमें विधि द्वारा निहित नहीं था।

(2) यदि अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अधिकारिता का प्रयोग अवैध रूप से किया गया।

(3) यदि अधीनस्थ न्यायालय उसमें निहित अधिकारिता का प्रयोग करने में असफल रहा।

(4) यदि उच्च न्यायालय द्वारा पुनरीक्षण के लिये आवेदन करने वाले पक्षकार के पक्ष में पारित आदेश, वाद या अन्य कार्यवाहियों को अंतिम रूप से निस्तारित नहीं करता हो।

36. Which among the following cannot be attached before judgment under Order XXXVIII of Code of Civil Procedure, 1908?

(1) Agriculture produce

(2) Accrued Debt

(3) Bank Deposit

(4) Actionable claim

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 38 के अंतर्गत निर्णय से पूर्व निम्न में से क्या कुर्क नहीं किया जा सकता है?

(1) कृषि उपज

(2) उपार्जित ऋण

(3) बैंक निक्षेप

(4) अनुयोज्य दावा

37. Which among the following properties can be transferred under Section 6 of the Transfer of Property Act, 1882?

(1) Mere right to sue

(2) Right to future maintenance

(3) Public Office

(4) None of the above

सम्पत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 की धारा 6 के अंतर्गत निम्न सम्पत्तियों में से कौन सी अन्तरित की जा सकती है?

(1) केवल दावा करने का अधिकार

(2) भविष्य के भरण पोषण का अधिकार

(3) लोक कार्यालय

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं



https://www.pyqonline.com

38. In which among the following, right of foreclosure is available to a mortgagee?

(1) English mortgage

(2) Mortgage by conditional sale

(3) Simple mortgage

(4) Equitable mortgage

निम्न में से किसमें बंधकदार को पुरोबन्ध का अधिकार उपलब्ध है?

(1) अंग्रेजी बंधक

(2) सशर्त विक्रय द्वारा बंधक

(3) सादा बंधक

(4) सम्यक् बंधक

39. What is the legal status of a contract, object of which is forbidden by law?

(1) Voidable contract

(2) Illegal contract

(3) Void contract

(4) None of the above

ऐसी संविदा, जिसका उद्देश्य विधि द्वारा निषिद्ध हो, की विधिक स्थिति क्या है?

(1) शून्यकरणीय संविदा

(2) अवैध संविदा

(3) शून्य संविदा

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

40. A pleader appearing for a party may be liable for the costs of the opposite party when:–

(1) a false or vexatious claim is made in the pleading.

(2) a false or vexatious defence is raised in the pleading.

(3) he is guilty of misconduct.

(4) a suit is instituted by or on behalf of a minor, without a next friend.

एक पक्षकार की ओर से उपस्थित होने वाला अधिवक्ता विपक्षी पक्षकार के खर्चों के लिये दायी हो सकता है, जब:–

(1) अभिवचनों में एक असत्य या तंग करने वाला दावा किया गया।

(2) अभिवचनों में एक असत्य या तंग करने वाला बचाव उठाया गया।

(3) वह दुराचरण का दोषी है।

(4) वाद मित्र के बिना अप्राप्तवय द्वारा या उसकी ओर से वाद पत्र संस्थित किया गया।



https://www.pyqonline.com

41. The court may compel the attendance of any person to whom a summon has been issued under Section 30 Code of Civil Procedure, 1908 and for that purpose may impose a fine upon him not exceeding:-

(1) 2000/- Rupees
(2) 5000/- Rupees
(3) 1000/- Rupees
(4) None of the above

न्यायालय किसी ऐसे व्यक्ति, जिसके नाम सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 30 के अंतर्गत सम्मन जारी किया गया है, को उपस्थित होने के लिये बाध्य कर सकता है और इस हेतु उस पर निम्न से अनधिक शास्ति अधिरोपित कर सकता है:–

(1) 2000/– रूपये
(2) 5000/– रूपये
(3) 1000/– रूपये
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

42. During the proceeding of execution of a decree, a question arises as to whether any person is or not the representative of a party, such question shall be determined by:-

(1) The court which passed the decree.
(2) The court executing the decree.
(3) The appellate court.
(4) A separate suit.

डिक्री के निष्पादन की कार्यवाही के दौरान, प्रश्न उत्पन्न होता है कि क्या कोई व्यक्ति किसी पक्षकार का प्रतिनिधि है या नहीं, ऐसा प्रश्न अभिनिर्धारित किया जाएगा:–

(1) डिक्री पारित करने वाले न्यायालय द्वारा।
(2) डिक्री निष्पादित करने वाले न्यायालय द्वारा।
(3) अपीलीय न्यायालय द्वारा।
(4) एक अलग वाद पत्र द्वारा।

43. Which provision of Code of Civil Procedure, 1908 makes the Order relating to death, marriage and insolvency of parties, applicable to appeals?

(1) Order XXII Rule 9
(2) Order XLI Rule 26
(3) Order XXII Rule 11
(4) Order XLI Rule 32

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 का कौनसा प्रावधान पक्षकारों की मृत्यु, विवाह और दिवालिया से सम्बन्धित आदेश को अपीलों पर लागू करता है?

(1) आदेश 22 नियम 9
(2) आदेश 41 नियम 26
(3) आदेश 22 नियम 11
(4) आदेश 41 नियम 32



https://www.pyqonline.com

44. An appellate court may for sufficient cause, order stay of execution of a decree appealed from, under which provision:-

(1) Order XLI Rule 4 Code of Civil Procedure, 1908

(2) Order XLI Rule 5 Code of Civil Procedure, 1908

(3) Order XLI Rule 27 Code of Civil Procedure, 1908

(4) Order XLI Rule 29 Code of Civil Procedure, 1908

किस उपबन्ध के अन्तर्गत एक अपीलीय न्यायालय पर्याप्त कारण पर अपीलाधीन डिक्री के निष्पादन को स्थगित करने का आदेश कर सकता है:–

(1) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 41 नियम 4

(2) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 41 नियम 5

(3) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 41 नियम 27

(4) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 41 नियम 29

45. When judgment can be pronounced after death of a defendant without taking his legal representatives on record?

(1) If such defendant failed to file written statement or having filed it, has failed to appear and contest the suit and Court has exempted the plaintiff from the necessity of substituting his legal representatives.

(2) If the defendant is a necessary party.

(3) If any of the legal representative of the defendant is already on record.

(4) Under no condition.

प्रतिवादी की मृत्यु के पश्चात, उसके विधिक प्रतिनिधियों को अभिलेख पर लिए बिना निर्णय कब सुनाया जा सकता है?

(1) यदि ऐसा प्रतिवादी लिखित कथन प्रस्तुत करने में असफल रहा या यदि लिखित कथन प्रस्तुत कर दिया गया तो वाद में उपसंजात होने तथा प्रतिवाद करने में असफल रहा है और न्यायालय वादी को उसके विधिक प्रतिनिधियों को प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता से छूट प्रदान कर चुका है।

(2) यदि प्रतिवादी एक आवश्यक पक्षकार है।

(3) यदि प्रतिवादी का कोई विधिक प्रतिनिधि पहले से ही अभिलेख पर है।

(4) किसी भी परिस्थिति में नहीं।



https://www.pyqonline.com

46. Under which of the following provisions the court may instead of examining witnesses in open court, direct their statements to be recorded on commission under rule 4A of Order XXVI Code of Civil Procedure, 1908?

(1) Order XVIII Rule 17A Code of Civil Procedure, 1908

(2) Order XVIII Rule 16 Code of Civil Procedure, 1908

(3) Section 151 Code of Civil Procedure, 1908

(4) Order XVIII Rule 19 Code of Civil Procedure, 1908

निम्न उपबन्धों में से किसके अन्तर्गत खुले न्यायालय में साक्षीयों की परीक्षा करने के स्थान पर न्यायालय निर्देश दे सकता है कि उनके कथन सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 26 नियम 4क के अन्तर्गत कमीशन पर अभिलिखित किये जाएं?

(1) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 18 नियम 17क

(2) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 18 नियम 16

(3) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 151

(4) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 18 नियम 19

47. Which of the following is not a ground for review of a judgment?

(1) Discovery of new and important matter/evidence.

(2) Error apparent on the face of the record.

(3) Change in law by subsequent legislation/decision of a superior court.

(4) Failure of the court to take into consideration an existing decision of the Supreme Court.

निर्णय का पुनर्विलोकन करने हेतु निम्न में से कौन सा एक आधार नहीं है?

(1) नई और महत्वपूर्ण बात / साक्ष्य का प्रकटीकरण।

(2) अभिलेख को देखने मात्र से त्रुटि।

(3) पश्चातवर्ती विधायी / उच्चतर न्यायालय के निर्णय से विधि में परिवर्तन।

(4) उच्चतम न्यायालय के विद्यमान निर्णय को विचारगत करने में न्यायालय का असफल होना।

48. In execution of a decree, other than a decree for maintenance, passed against A, what shall be the attachable portion, if his salary is Rs.7000/- per month?

(1) Rs. 3000/-

(2) Rs. 2000/-

(3) Rs. 5000/-

(4) Rs. 6000/-

यदि क का वेतन 7000/– रूपये प्रतिमाह है तो उसके विरूद्ध पारित भरणपोषण की डिक्री से भिन्न डिक्री के निष्पादन में, उसके वेतन का कुर्क किए जाने योग्य भाग होगा?

(1) 3000/– रूपये

(2) 2000/– रूपये

(3) 5000/– रूपये

(4) 6000/– रूपये



https://www.pyqonline.com

49. Which provision in Code of Civil Procedure, 1908 lays down the exception of normal rule that a party must examine himself as a witness, before examination of his other witnesses?

(1) Order XVIII Rule 3

(2) Order XVIII Rule 3A

(3) Order XVIII Rule 4

(4) Order XVIII Rule 5

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 में कौनसा उपबन्ध, इस साधारण नियम का अपवाद है कि एक पक्षकार को उसके दूसरे साक्षियों की परीक्षा से पहले स्वयं को साक्षी के रूप में परीक्षित कराना चाहिए?

(1) आदेश 18 नियम 3

(2) आदेश 18 नियम 3क

(3) आदेश 18 नियम 4

(4) आदेश 18 नियम 5

50. In case a lease is made for a certain period mentioning that it is terminable before its expiration, without mentioning at whose option ____.

(1) Only lessee will have the option of termination.

(2) Only lessor will have the option of termination.

(3) The lease will be terminable only in case of mutual agreement.

(4) Both lessor and lessee will have option of terminating the lease.

जहां एक पट्टा परीसीमित समय के लिए किया गया है और उसमे यह अभिव्यक्त है कि परीसीमित समय के अवसान से पूर्व पट्टा पर्यवसेय है और पट्टे में इसका वर्णन नहीं है कि किसके विकल्प पर वह इस प्रकार पर्यवसेय है, वहा ——

(1) पर्यवसेय का विकल्प केवल पट्टेदार को प्राप्त होगा।

(2) पर्यवसेय का विकल्प केवल पट्टाकर्ता को प्राप्त होगा।

(3) पट्टा, केवल परस्पर करार की दशा मे, पर्यवसेय होगा।

(4) पर्यवसेय का विकल्प पट्टाकर्ता एवं पट्टेदार दोनो को प्राप्त होगा।

51. Which Constitutional provision deals with appointments of District Judges?

(1) Article 234

(2) Article 233

(3) Article 230

(4) Article 236

कौन सा संवैधानिक उपबन्ध जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति से सम्बन्धित है?

(1) अनुच्छेद 234

(2) अनुच्छेद 233

(3) अनुच्छेद 230

(4) अनुच्छेद 236



https://www.pyqonline.com

52. Article 136 of the Constitution of India can be invoked against:-

(1) only judgment and award of Court and Tribunal

(2) only judgment and order of all Courts in India

(3) judgment of High Courts only

(4) any judgment, decree, determination, sentence or order of any Court or Tribunal

भारत के संविधान के अनुच्छेद 136 का अवलम्ब लिया जा सकता है:–

(1) केवल, न्यायालय और अधिकरण के निर्णय और पंचाट के विरूद्ध

(2) केवल, भारत के सभी न्यायालयो के निर्णय और आदेश के विरूद्ध

(3) केवल उच्च न्यायालयों के निर्णय के विरूद्ध

(4) किसी भी न्यायालय या अधिकरण के किसी निर्णय, डिक्री, अभिनिर्धारण, दण्डादेश या आदेश के विरूद्ध

53. What is the quorum to constitute a meeting of Lok Sabha?

(1) Half of the total members of the House

(2) A quarter of the total members of the House

(3) One-fifth of the total members of the House

(4) One-tenth of the total members of the House.

लोकसभा की बैठक के गठन की गणपूर्ति क्या है?

(1) सदन के कुल सदस्यों का आधा भाग

(2) सदन के कुल सदस्यों का एक चौथाई भाग

(3) सदन के कुल सदस्यों का पांचवा भाग

(4) सदन के कुल सदस्यों का दसवां भाग

54. Power to grant pardons, reprieves, respites or remissions of punishment is exercised by the President under which provision of Constitution of India?

(1) Article 32

(2) Article 72

(3) Article 226

(4) Article 256

भारत के संविधान के किस प्रावधान के अन्तर्गत राष्ट्रपति द्वारा दण्ड को क्षमा, प्रविलम्बन, विराम या परिहार प्रदान करने की शक्ति का प्रयोग किया जाता है?

(1) अनुच्छेद 32

(2) अनुच्छेद 72

(3) अनुच्छेद 226

(4) अनुच्छेद 256



https://www.pyqonline.com

55. Which one of the following does not constitute the Electoral College for electing the President of India?

(1) Elected members of Lok Sabha.

(2) Elected members of the Legislative Assembly of each state.

(3) Elected members of the Legislative Council.

(4) Elected members of Rajya Sabha.

भारत के राष्ट्रपति को निर्वाचित करने के लिए, निम्न में से कौन, निर्वाचक मण्डल का हिस्सा नहीं है?

(1) लोकसभा के निर्वाचित सदस्यगण।

(2) प्रत्येक राज्य की विधान सभा के निर्वाचित सदस्यगण।

(3) विधान परिषद के निर्वाचित सादस्यगण।

(4) राज्यसभा के निर्वाचित सदस्यगण।

56. An election to fill a vacancy in the office of President of India shall be held within what period from the date of occurrence of the vacancy by reason of his death, resignation or removal?

(1) not later than 11 months.

(2) not later than 9 months.

(3) not later than 6 months.

(4) not later than 8 months.

भारत के राष्ट्रपति की मृत्यु, पदत्याग या पद से हटाए जाने के कारण हुई रिक्ति को, रिक्ति होने की दिनांक के पश्चात कितनी अवधि के अन्दर भरने के लिए निर्वाचन किया जाएगा?

(1) 11 मास के पश्चात नहीं।

(2) 9 मास के पश्चात नहीं।

(3) 6 मास के पश्चात नहीं।

(4) 8 मास के पश्चात नहीं।

57. Article 141 of the Constitution lays down that the law declared by Supreme Court shall be binding on all courts within the territory of India. Therefore, the Supreme Court:-

(1) Is bound by its earlier decisions as the expression "all courts" include Supreme Court also.

(2) Is not bound by its own decisions and may reverse a previous decision.

(3) Can reverse a previous decision only when a new legislation is enacted having the effect of abrogating decision.

(4) Can reverse a previous decision only when that previous decision was given as a result of overlooking another previous decision.

संविधान का अनुच्छेद 141 अभिनिर्धारित करता है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा घोषित विधि भारत के राज्य क्षेत्र के भीतर सभी न्यायालयों पर आबद्धकर होगी। इसलिए उच्चतम न्यायालय:-

(1) अपने पूर्व निर्णयों से आबद्ध है क्योंकि अभिव्यक्ति "सभी न्यायालय" उच्चतम न्यायालय को भी सम्मिलित करता है।

(2) अपने स्वय के निर्णयों से आबद्ध नहीं है और पूर्व के निर्णय को उलट सकता है।

(3) केवल तभी अपने पूर्व के निर्णय को उलट सकता है जब पूर्व के निर्णय के प्रभाव को निरस्त करते हुए नई विधि प्रवृत होती है।

(4) केवल तभी अपने पूर्व के निर्णय को उलट सकता है जब पूर्व का निर्णय उससे पूर्व के अन्य निर्णय की अनदेखी के परिणाम स्वरूप दिया गया था।



https://www.pyqonline.com

58. Which one of the following is not an essential condition for appointment as a judge of the Supreme Court?

(1) A citizen of India

(2) At least five years experience as judge of a High Court or of two or more such Courts in succession

(3) Must have completed 35 years of age

(4) At least ten years experience as an advocate of a High Court or of two or more such Courts in succession

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति हेतु निम्नलिखित में से क्या एक आवश्यक शर्त नहीं है?

(1) भारत का नागरिक

(2) किसी उच्च न्यायालय का या ऐसे दो या अधिक न्यायालयों का लगातार कम से कम पांच वर्ष तक न्यायाधीश के रूप में अनुभव

(3) 35 वर्ष की आयु आवश्यक रूप से पूर्ण कर चुका है

(4) किसी उच्च न्यायालय का या ऐसे दो या अधिक न्यायालयों का लगातार कम से कम दस वर्ष तक अधिवक्ता के रूप में अनुभव

59. Which of the following Articles of the Constitution of India saves Vertical Reservation in matters of public employment?

(1) Article 16 (1)

(2) Article 16 (2)

(3) Article 16 (3)

(4) Article 16 (4)

भारत के संविधान के निम्न अनुच्छेदों में से कौनसा अनुच्छेद लोक नियोजन के मामलों में लम्बवत आरक्षण को सुरक्षित करता है?

(1) अनुच्छेद 16 (1)

(2) अनुच्छेद 16 (2)

(3) अनुच्छेद 16 (3)

(4) अनुच्छेद 16 (4)

60. Which Article of the Constitution of India empowers the Chief Justice of a High Court, with the previous consent of the President to appoint a retired Judge of the High Court at sittings of the High Court?

(1) Article 217

(2) Article 222

(3) Article 224

(4) Article 224-A



https://www.pyqonline.com

भारत के संविधान का कौन सा अनुच्छेद किसी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को, राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में बैठने हेतु नियुक्त करने को सशक्त करता है?

(1) अनुच्छेद 217

(2) अनुच्छेद 222

(3) अनुच्छेद 224

(4) अनुच्छेद 224–क

61. Which of the following is an essential condition for rectification of an instrument under S.26 of the Specific Relief Act, 1963?

(1) On account of the misrepresentation by one of the parties, the contract does not express their real intention.

(2) On account of fraud by one of the parties, the contract does not express their real intention.

(3) Through fraud or mutual mistake of the parties, the contract does not express their real intention.

(4) On account of a legal mistake of the parties, the contract does not express their real intention.

विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 की धारा 26 के अन्तर्गत एक लिखत को परिशोधित करने की निम्न में से कौनसी एक आवश्यक शर्त है?

(1) पक्षकारों में से किसी एक के दुर्व्यपदेशन के आधार पर, संविदा उनके वास्तविक आशय को अभिव्यक्त नहीं करती है।

(2) पक्षकारो में से किसी एक के कपट के आधार पर, संविदा उनके वास्तविक आशय को अभिव्यक्त नहीं करती है।

(3) पक्षकारों के कपट या पारस्परिक गलती द्वारा, संविदा उनके वास्तविक आशय को अभिव्यक्त नहीं करती है।

(4) पक्षकारों की विधिक भूल के आधार पर, संविदा उनके वास्तविक आशय को अभिव्यक्त नहीं करती है।

62. Which statement is true?

Under Section 6 of the Specific Relief Act, 1963 .......

(1) No suit can be filed against the true owner.

(2) No suit can be filed against an incorporated company.

(3) No suit can be filed against the Government without leave of the court.

(4) No suit can be filed against the Government.



https://www.pyqonline.com

कौन सा कथन सत्य है?

विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 की धारा 6 के अन्तर्गत ——

(1) वास्तविक स्वामी के विरूद्ध कोई वाद दायर नही किया जा सकता है।

(2) निगमित कम्पनी के विरूद्ध कोई वाद दायर नही किया जा सकता है।

(3) न्यायालय की अनुमति के बिना सरकार के विरूद्ध कोई वाद दायर नही किया जा सकता है।

(4) सरकार के विरूद्ध कोई वाद दायर नहीं किया जा सकता है।

63. Which of the following is a reason not to grant a perpetual injunction under Section 38 of the Specific Relief Act, 1963?

(1) Where the defendant is a trustee for the plaintiff.

(2) Where the invasion is such that compensation in money would not afford adequate relief.

(3) Where the injunction is necessary to prevent multiplicity of proceedings.

(4) To prevent breach of a contract, the performance of which would not be specifically enforced.

निम्न में से कौनसा विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 की धारा 38 के अन्तर्गत शाश्वत व्यादेश प्रदान नही करने का एक कारण है?

(1) जहां कि प्रतिवादी वादी का एक न्यासी है।

(2) जहां कि वह आक्रमण ऐसा हो कि धन के रूप में प्रतिकर यथायोग्य अनुतोष नहीं होगा।

(3) जहां कि व्यादेश कार्यवाहियों के बाहुल्य को निवारित करने को आवश्यक हो।

(4) संविदा जिसे विर्निदिष्ट रूप से प्रवर्तित नहीं कराया जा सकता, के भंग को रोकने के लिए।

64. A suit for recovery of specific movable property under Section 7 of the Specific Relief Act, 1963 cannot be filed:-

(1) By a trustee for the possession of property to the beneficial interest in which the person for whom he is trustee is entitled.

(2) Person having a special right to the present possession of the property.

(3) Person having a temporary right to the present possession of the property.

(4) None of the above.

विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 की धारा 7 के अन्तर्गत विनिर्दिष्ट जंगम सम्पत्ति की पुनःप्राप्ति हेतु वाद संस्थित नहीं किया जा सकता:-

(1) एक न्यासी के द्वारा, ऐसी सम्पत्ति के कब्जे के लिए जिसमें के फायदाप्रद हित का वह व्यक्ति हकदार हो जिसके लिए वह न्यासी है।

(2) ऐसी सम्पत्ति पर वर्तमान कब्जे का विशेष अधिकार रखने वाले व्यक्ति द्वारा।

(3) ऐसी सम्पत्ति पर वर्तमान कब्जे का अस्थाई अधिकार रखने वाले व्यक्ति द्वारा।

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं।



https://www.pyqonline.com

65. Provisions of Section 8 of the Specific Relief Act, 1963 regarding delivery of particular article of movable property, can be invoked:-

(1) If compensation in money, for loss of thing claimed, is an adequate relief.

(2) If the actual damages can be easily ascertained.

(3) If the article is held by the defendant as an agent or trustee of the plaintiff.

(4) If the article has been rightly transferred from the claimant.

जगम सम्पत्ति की किसी विशिष्ट वस्तु के परिदत्त करने के सम्बन्ध में विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 की धारा 8 के प्रावधान का प्रयोग किया जा सकता है:-

(1) यदि दावाकृत वस्तु की हानि के लिए धन के रूप में प्रतिकर यथायोग्य अनुतोष है।

(2) यदि वास्तविक नुकसान का अभिनिश्चय सरलता से किया जा सकता है।

(3) यदि वादी के न्यासी या अभिकर्ता के रूप मे प्रतिवादी वस्तु को धारित करता है।

(4) यदि दावा करने वाले व्यक्ति से वस्तु सही रूप से अन्तरित की जा चुकी है।

66. A secret information is received that a suspect is transporting a consignment of 20 Kgs. of contraband heroin in a transport vehicle on the Jaipur-Ajmer Highway, which of the following officers cannot stop and search the vehicle?

(1) A Dy. Superintendent of Police specially empowered in this behalf by Section 41 of the N.D.P.S. Act, 1985

(2) An Assistant Sub Inspector posted at the Police Station concerned

(3) A Constable posted at the Police Station concerned

(4) None of the above

एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि जयपुर–अजमेर राजमार्ग पर एक परिवहन यान में 20 किलोग्राम प्रतिबंधित हेरोइन को एक संदिग्ध द्वारा परिवहन किया जा रहा है, निम्न अधिकारियों में से कौन ऐसे वाहन को रोक व तलाशी नहीं ले सकता है?

(1) स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 41 के अन्तर्गत इस हेतु विशिष्ट रूप अधिकृत एक पुलिस उप–अधीक्षक

(2) सम्बन्धित पुलिस थाने में पदस्थापित एक सहायक उपनिरीक्षक

(3) सम्बन्धित पुलिस थाने में पदस्थापित एक कांस्टेबल

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं


https://www.pyqonline.com

67. A person is found in possession of 290 Gms. of poppy seeds. His act:-

(1) Is an offence punishable under Section 8/15 (b) of the N.D.P.S. Act, 1985.

(2) is not an offence.

(3) Is an offence punishable under Section 8/18 (a) of the N.D.P.S. Act, 1985.

(4) Is an offence punishable under Section 8/18 (c) of the N.D.P.S. Act, 1985.

एक व्यक्ति के कब्जे मे 290 ग्राम अफीम के बीज पाए जाते हैं। उसका कृत्य–

(1) स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 8 / 15 (ख) के अन्तर्गत दण्डनीय एक अपराध है।

(2) अपराध नहीं है।

(3) स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 8 / 18 (क) के अन्तर्गत दण्डनीय एक अपराध है।

(4) स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 8 / 18 (ग) के अन्तर्गत दण्डनीय एक अपराध है।

68. Which of the following is a "controlled substance" under the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985:-

(1) Ammonium hydrochloride

(2) Potassium permanganate

(3) Acetic Anhydride

(4) Hydrocarbon

स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 के अन्तर्गत, निम्नलिखित में से कौनसा एक "नियंत्रित पदार्थ" है:–

(1) अमोनियम हाईड्रोक्लोराईड

(2) पोटेशियम परमैग्नेट

(3) एसीटिक एन्हाईड्राईड

(4) हाईड्रोकार्बन

69. A man found in possession of 40 Kgs. of cannabis leaves, he is liable to be punished for the offence under which section of Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985?

(1) Section18

(2) Section 20

(3) Section 22

(4) None of above

एक व्यक्ति के आधिपत्य में 40 किलोग्राम भांग की पत्तियां पाई गई, वह स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की किस धारा के अन्तर्गत अपराध के लिए दण्ड का दायी है?

(1) धारा 18

(2) धारा 20

(3) धारा 22

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं



https://www.pyqonline.com

70. What is the period of limitation for filing an application to pass a final decree in a suit for partition?

(1) One year

(2) Three years

(3) Twelve years

(4) There is no limitation prescribed

विभाजन के वाद में अंतिम डिक्री पारित करने के लिए आवेदन प्रस्तुत करने का परिसीमा काल क्या है?

(1) एक वर्ष

(2) तीन वर्ष

(3) बारह वर्ष

(4) कोई परिसीमा विहित नहीं है।

71. Which among the following is not an ingredient of acknowledgment under Section 18 of the Limitation Act, 1963?

(1) It should be in writing

(2) It should be made before the expiry of limitation period

(3) It should be signed by the party against whom right is claimed

(4) A portion of the claim should have been paid

परिसीमा अधिनियम, 1963 की धारा 18 के अन्तर्गत निम्न में से कौनसा अभिस्वीकृति का एक तत्व नहीं है?

(1) वह लिखित में होना चाहिए

(2) वह परिसीमा काल की समाप्ति से पहले किया जाना चाहिए

(3) वह उस पक्षकार द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए जिसके विरूद्ध अधिकार का दावा किया गया है

(4) दावे के एक भाग का भुगतान किया हुआ होना चाहिए

72. Provisions of Section 6 of the Limitation Act, 1963 regarding legal disability, do not apply to:-

(1) Suits

(2) Execution of a decree

(3) Suit to enforce right of pre-emption

(4) None of the above

विधिक निर्योग्यता से सम्बन्धित परिसीमा अधिनियम, 1963 की धारा 6 के प्रावधान, लागू नहीं होते हैं:-

(1) दावों पर

(2) डिक्री के निष्पादन पर

(3) हक–शफा के अधिकार के प्रवर्तन के वाद पर

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं



https://www.pyqonline.com

73. An offence under Section 138 of Negotiable Instruments Act, 1881 is compoundable:-

(1) If the cheque amount is upto Rs.1 lac

(2) If the cheque amount is upto Rs.5 lacs

(3) If the cheque amount is upto Rs.10 lacs

(4) Cheque of any amount

परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 का अपराध शमनीय है:-

(1) यदि चैक की राशि 1 लाख रूपये तक है

(2) यदि चैक की राशि 5 लाख रूपये तक है

(3) यदि चैक की राशि 10 लाख रूपये तक है

(4) कितनी भी राशि का चैक

74. A Court can take the cognizance of an offence under Section 138 of the Negotiable Instruments Act, 1881:-

(1) Upon a Police report

(2) Upon a complaint, in writing

(3) Upon the personal knowledge of the Magistrate

(4) Upon information supplied by others

परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 के अन्तर्गत न्यायालय अपराध का प्रसंज्ञान ले सकता है:-

(1) पुलिस रिपोर्ट पर

(2) लिखित परिवाद पर

(3) मजिस्ट्रेट के व्यक्तिगत ज्ञान पर

(4) अन्य द्वारा सूचना आपूर्ति पर

75. The maximum amount which may be awarded as interim compensation under Section 143-A of The Negotiable Instruments Act, 1881, is:-

(1) 10 percent of the amount of cheque

(2) 20 percent of the amount of cheque

(3) 30 percent of the amount of cheque

(4) 40 percent of the amount of cheque

परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 143-क के अन्तर्गत अधिकतम राशि, जो अंतरिम प्रतिकर के रूप में प्रदान की जा सकती है:-

(1) चैक की राशि का 10 प्रतिशत

(2) चैक की राशि का 20 प्रतिशत

(3) चैक की राशि का 30 प्रतिशत

(4) चैक की राशि का 40 प्रतिशत



https://www.pyqonline.com

76. The general Superintendence and control over all Revenue Courts and over all Revenue Officers is vested in and all such courts and officers are subordinate under the Rajasthan Land Revenue Act, 1956, to:-

(1) The Revenue Minister

(2) The District Judge

(3) The Board of Revenue

(4) Rajasthan High Court

राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत सभी राजस्व न्यायालयों और राजस्व अधिकारियों पर पूर्ण अधीक्षण तथा नियन्त्रण निहित है और ऐसे सभी न्यायालय व अधिकारी निम्न के अधीनस्थ हैं:–

(1) भू–राजस्व मंत्री

(2) जिला न्यायाधीश

(3) राजस्व मंडल

(4) राजस्थान उच्च न्यायालय

77. Under which provision of the Rajasthan Land Revenue Act, 1956 unauthorised occupation of land by a trespasser and his eviction is dealt with?

(1) Section 90

(2) Section 90-A

(3) Section 91

(4) Section 92

राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 के किस प्रावधान के अन्तर्गत एक अतिक्रमी द्वारा भूमि के अनाधिकृत कब्जे व निष्कासन के सम्बन्ध में कार्यवाही की जाती है?

(1) धारा 90

(2) धारा 90–क

(3) धारा 91

(4) धारा 92

78. By which provision the jurisdiction of Civil Courts is excluded under the Rajasthan Land Revenue Act, 1956?

(1) Section 207

(2) Section 208

(3) Section 259

(4) Section 261

राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत किस उपबन्ध द्वारा सिविल न्यायालयों का क्षेत्राधिकार अपवर्जित किया गया है?

(1) धारा 207

(2) धारा 208

(3) धारा 259

(4) धारा 261



https://www.pyqonline.com

79. A Second Appeal under Section 76 of the Rajasthan Land Revenue Act, 1956 from an order passed in appeal by the Settlement Commissioner, lies to:–

(1) The Collector

(2) Revenue Appellate Authority

(3) Board of Revenue

(4) None of the above

राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 76 के अन्तर्गत भू–प्रबन्ध अधिकारी द्वारा अपील में पारित आदेश की द्वितीय अपील होती है:–

(1) कलेक्टर को

(2) राजस्व अपील प्रधिकारी को

(3) राजस्व मण्डल को

(4) उपरोक्त में से कोई नही

80. The grant of permission for use of Agricultural land for Non-Agricultural purposes under the Rajasthan Land Revenue Act, 1956 is dealt with under which provision of the Act?

(1) Section 89

(2) Section 90-A

(3) Section 90-B

(4) Section 212

राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत कृषि भूमि का गैर कृषि उद्देश्यों में प्रयोग की अनुमति अधिनियम के किस प्रावधान के अन्तर्गत प्रदत्त की जाती है?

(1) धारा 89

(2) धारा 90–क

(3) धारा 90–ख

(4) धारा 212

81. Which among the following category of landlord is not entitled to recover immediate possession under Section 10 of the Rajasthan Rent Control Act, 2001?

(1) a member of any armed forces on filing petition within one year prior to or subsequent to the date of retirement.

(2) an employee of the Central Government on filing petition within one year prior to or subsequent to the date of retirement.

(3) a landlord, who has become a senior citizen and files petition after expiry of three years from the date of letting out of the premises.

(4) a landlord requiring premises bonafide.



https://www.pyqonline.com

राजस्थान किराया नियन्त्रण अधिनियम, 2001 की धारा 10 के अन्तर्गत निम्न में से किस श्रेणी का भू–स्वामी तुरन्त कब्जा पुनः प्राप्ति का अधिकारी नहीं है?

(1) सशस्त्र बल के सदस्य द्वारा सेवानिवृत्ति की तारीख के पूर्व या उसके पश्चात एक वर्ष के भीतर याचिका प्रस्तुत करने पर।

(2) केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी द्वारा सेवानिवृत्ति की तारीख के पूर्व या उसके पश्चात एक वर्ष के भीतर याचिका प्रस्तुत करने पर।

(3) भू–स्वामी, जो वरिष्ठ नागरिक हो गया है, के द्वारा परिसर को किराये पर देने की तिथि से तीन वर्ष के अवसान के पश्चात याचिका प्रस्तुत करने पर।

(4) भू–स्वामी को परिसर की सद्भाविक आवश्यकता होने पर।

82. Provisions of Chapter II and III of the Rajasthan Rent Control Act, 2001, applies to:–

(1) premises belonging to a Government Company

(2) premises belonging to or let out by the Central Government

(3) premises belonging to the Devasthan Department

(4) None of the above

राजस्थान किराया नियन्त्रण अधिनियम, 2001 के अध्याय 2 और 3 के प्रावधान लागू होते है:–

(1) सरकारी कम्पनी के परिसरों को

(2) केन्द्रीय सरकार के या उनके द्वारा किराए पर दिए गये परिसरों को

(3) देवस्थान विभाग के परिसरों को

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

83. A Rent Tribunal constituted under the Rajasthan Rent Control Act, 2001 ('the Act, 2001') does not have jurisdiction to hear and decide the petitions relating to disputes between landlord and tenant:-

(1) to whom Chapter II and III of the Act, 2001 applies

(2) governed by Transfer of Property Act, 1882

(3) governed by Rajasthan Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupants) Act, 1964

(4) All the above

राजस्थान किराया नियन्त्रण अधिनियम, 2001 (अधिनियम, 2001) के अन्तर्गत गठित किराया अधिकरण को, भू–स्वामी व किरायेदार के मध्य विवादों से सम्बन्धित याचिकाओं को सुनने व निर्णित करने का क्षेत्राधिकार नहीं है:–

(1) जिन पर अधिनियम, 2001 के अध्याय 2 व 3 लागू होते है

(2) जो सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 से शासित होते है

(3) जो राजस्थान लोक परिसर (अनाधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1964 से शासित होते है

(4) उपरोक्त सभी पर



https://www.pyqonline.com

84. An appeal against the order of the Rent Authority appointed under Section 22-A of the Rajasthan Rent Control Act, 2001, lies to:–

(1) Appellate Rent Tribunal

(2) Rent Tribunal

(3) District Judge

(4) High Court

राजस्थान किराया नियन्त्रण अधिनियम, 2001 की धारा 22–क के अन्तर्गत नियुक्त किराया प्राधिकरण के आदेश के विरूद्ध अपील होती है:–

(1) अपीलीय किराया अधिकरण को

(2) किराया अधिकरण को

(3) जिला न्यायाधीश को

(4) उच्च न्यायालय को

85. If a landlord does not accept any rent tendered by the tenant or refuses to give a receipt, then:–

(1) the tenant has no remedy.

(2) the tenant can make an application to the Rent Tribunal.

(3) the tenant may deposit the same with the Rent Authority.

(4) the tenant can file appeal before the Appellate Rent Tribunal.

यदि भू–स्वामी, किरायेदार द्वारा निविदत्त किसी भी किराये को स्वीकार नहीं करता है या रसीद देने से इन्कार करता है तो:–

(1) किरायेदार के पास कोई उपचार नहीं है।

(2) किरायेदार किराया अधिकरण को आवेदन कर सकता है।

(3) किरायेदार किराया प्राधिकारी में किराया जमा करवा सकता है।

(4) किरायेदार अपीलीय किराया अधिकरण के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकता है।

86. A is the father of B, both were Hindus. Both of them died in a shipwreck. It was uncertain whether either of them and if so, who survived the other. What will be the rule of succession in the case?

(1) B, the son, shall be presumed to be died first

(2) A, the father, shall be presumed to be died first

(3) Both of them died together and therefore no presumption

(4) It depends on the facts of each case



https://www.pyqonline.com

अ. ब का पिता है, दोनों हिन्दू थे। दोनों की जहाज के नष्ट होने से मृत्यु हो गई। यह अनिश्चित था कि उन दोनों में कोई दूसरे का उत्तरजीवी रहा और यदि रहा तो कौन। इस मामले में उत्तराधिकार का नियम क्या होगा?

(1) यह उपधारणा की जाएगी कि पुत्र ब की मृत्यु पहले हुई

(2) यह उपधारणा की जाएगी कि पिता अ की मृत्यु पहले हुई

(3) दोनों की मृत्यु एक साथ हुई और इसलिए कोई उपधारणा नहीं

(4) यह प्रत्येक मामले के तथ्यों पर निर्भर करता है

**87.** A is said to be "agnate" to B under the Hindu Succession Act, 1956, in which among the following cases?

(1) A is the son of the paternal uncle of B

(2) A is B's paternal sister's son

(3) A is the daughter of maternal aunt of B

(4) A is B's maternal uncle's son

हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत, निम्न में से किस मामले में अ, ब का "गौत्रज" कहा जाएगा?

(1) अ, ब के चाचा का पुत्र है

(2) अ, ब की बहन का पुत्र है

(3) अ, ब की मौसी की पुत्री है

(4) अ, ब के मामा का पुत्र है

**88.** If any person is disqualified from inheriting any property under the Hindu Succession Act, 1956:-

(1) it shall devolve as if such person was not born

(2) it shall devolve as if such person had died before the intestate

(3) it shall escheat (vest) to the government

(4) None of the above

हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत यदि कोई व्यक्ति किसी सम्पत्ति को विरासत में प्राप्त करने से निरर्हित हो तो:-

(1) वह सम्पत्ति ऐसे न्यागत होगी मानो ऐसा व्यक्ति पैदा नहीं हुआ था

(2) वह सम्पत्ति ऐसे न्यागत होगी, मानो ऐसा व्यक्ति निर्वसीयती के पूर्व मर चुका हो

(3) वह सम्पत्ति राजगामी (सरकार में निहित) हो जाएगी।

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं



https://www.pyqonline.com

89. 'Desertion' within the purview of the Hindu Marriage Act, 1955, is:-

(1) a total repudiation of obligations of marriage.

(2) a partial repudiation of the obligations of marriage.

(3) a suspension of obligations of marriage.

(4) equivalent to judicial separation.

हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की परिधि में 'अभित्यजन' है:-

(1) विवाह के दायित्वों का सम्पूर्ण परित्याग।

(2) विवाह के दायित्वों का भागतः परित्याग।

(3) विवाह के दायित्वों का निलम्बन।

(4) न्यायिक पृथक्करण के समतुल्य।

90. The bar to entertain a petition for divorce operates for a period of:-

(1) three years from the date of marriage

(2) two years from the date of marriage

(3) one year from the date of marriage

(4) six months from the date of marriage

विवाह विच्छेद की याचिका को ग्रहण करने से रोक की समयावधि है:-

(1) विवाह की दिनांक से तीन वर्षों तक

(2) विवाह की दिनांक से दो वर्षों तक

(3) विवाह की दिनांक से एक वर्ष तक

(4) विवाह की दिनांक से छः मास तक

91. When two persons are the descendants of a common ancestor by the same wife, they are said to be related to each other:-

(1) By full blood

(2) By half blood

(3) By uterine blood

(4) None of the above

जब दो व्यक्ति एक ही पूर्वज से उसकी एक ही पत्नी द्वारा अवजनित हुए हों, वे एक दूसरे से सम्बन्धित कहे जाते हैं:-

(1) पूर्ण रक्त द्वारा

(2) अर्ध रक्त द्वारा

(3) एकोदर रक्त द्वारा

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं



https://www.pyqonline.com

92. Under the Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956 which of the following is not entitled to adopt?

(1) an unmarried person
(2) husband with the consent of the wife
(3) wife who is divorced
(4) husband without the consent of the wife

हिन्दू दत्तक एवं भरण पोषण अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत निम्नलिखित में कौन दत्तक लेने का हकदार नहीं है?

(1) एक अविवाहित व्यक्ति
(2) पति, पत्नी की सम्मति से
(3) पत्नी, जो तलाकशुदा है
(4) पति, बिना पत्नी की सम्मति के

93. In which provision of The Scheduled Castes and The Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities) Act, 1989, capital punishment was introduced by Amendment Act No. 1 of 2016?

(1) Section 3(1)(g)
(2) Section 3(1)(z)
(3) Section 3(2)(i)
(4) Section 4

संशोधन अधिनियम संख्या 1 सन 2016 के द्वारा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के किस प्रावधान में मृत्यु दण्ड को समाविष्ट किया गया था?

(1) धारा 3(1)(छ)
(2) धारा 3(1)(य)
(3) धारा 3(2)(प)
(4) धारा 4

94. Under section 2(bc) of The Scheduled Castes and The Scheduled Tribes (Prevention Of Atrocities) Act, 1989, "economic boycott" means:-

(1) to deal with, work for hire or do business with other person.
(2) to accept opportunities including access to services or contractual opportunities for rendering service for consideration.
(3) to do anything on the terms on which things would be commonly done in the ordinary course of business.
(4) to abstain from the professional or business relations that one would maintain with other person.



https://www.pyqonline.com

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 2(खग) के अन्तर्गत "आर्थिक बहिष्कार" से अभिप्रेत है:–

(1) अन्य व्यक्ति से भाड़े पर कार्य से सम्बन्धित संव्यवहार करना या व्यवसाय करना।

(2) अवसरों को स्वीकार करना जिनमें सेवाओं तक पहुंच या प्रतिफल के लिए सेवा प्रदान करने हेतु संविदाजन्य अवसर सम्मिलित हैं।

(3) ऐसे निबंधनों पर कोई बात करना जिन पर कोई बात, व्यवसाय के सामान्य अनुक्रम में सामान्यतया की जाएगी।

(4) ऐसे वृत्तिक या व्यवसाय सम्बन्धों से प्रतिविरत रहना, जो किसी अन्य व्यक्ति से रखे जाएँ।

95. A person likely to commit offence under Chapter 2 of The Scheduled Castes and The Scheduled Tribes (Prevention of Atrocities), Act, 1989, in any area included in scheduled areas or tribal areas, he may be:-

(1) Detained

(2) Extradited

(3) Externed

(4) Arrested

किसी व्यक्ति का अनुसूचित क्षेत्रों या जनजाति क्षेत्रों में सम्मिलित किसी क्षेत्र में, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अध्याय 2 के अन्तर्गत अपराध करना सम्भाव्य है, वह:–

(1) निरूद्ध किया जा सकता है

(2) प्रत्यर्पित किया जा सकता है

(3) निर्वासित किया जा सकता है

(4) गिरफ्तार किया जा सकता है

96. The question of contributory negligence of the claimant/deceased in a motor accident can be examined:–

(1) In a claim under Section 166 of Motor Vehicles Act, 1988

(2) In a claim under Section 163-A of the Motor Vehicles Act, 1988

(3) In an application under Section 140 of the Motor Vehicles Act, 1988

(4) None of the above

मोटर यान दुर्घटना में दावाकर्ता/मृतक की अंशदायी उपेक्षा का प्रश्न परीक्षित किया जा सकता है:–

(1) मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 166 के अन्तर्गत दावे मे

(2) मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 163–क के अन्तर्गत दावे में

(3) मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 140 के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र में

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं



https://www.pyqonline.com

97. Which provision of the Motor Vehicles Act, 1988 deals with settlement of claims by insurance companies and procedure thereof?

(1) Section 140

(2) Section 146

(3) Section 147

(4) Section 149

मोटर यान अधिनियम, 1988 का कौन–सा उपबन्ध बीमा कम्पनियों द्वारा दावों के समझौते व उसकी प्रक्रिया से सम्बन्धित है?

(1) धारा 140

(2) धारा 146

(3) धारा 147

(4) धारा 149

98. An application under Section 166 of the Motor Vehicles Act, 1988 cannot be filed by:–

(1) Owner of the property

(2) In case of death, by all or any of the legal representatives of the deceased

(3) In case of death of an unmarried man, by his close friend

(4) All the above

मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 166 के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र पेश नही किया जा सकता है:–

(1) सम्पत्ति के स्वामी द्वारा

(2) मृत्यु के मामले में, मृतक के किसी या सभी विधिक प्रतिनिधियों द्वारा

(3) एक अविवाहित आदमी की मृत्यु के मामले में, उसके नजदीकी मित्र द्वारा

(4) उपरोक्त सभी के द्वारा

99. The limitation for filing an application for compensation under the Motor Vehicles Act, 1988 is:–

(1) 3 years

(2) 5 years

(3) 10 years

(4) No period of limitation is prescribed

मोटर यान अधिनियम, 1988 के अन्तर्गत प्रतिकर हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की परिसीमा है:–

(1) 3 वर्ष

(2) 5 वर्ष

(3) 10 वर्ष

(4) परिसीमा अवधि विहित नहीं है



https://www.pyqonline.com

100. If a memorandum of appeal is rejected on the ground that it was not presented within time allowed by the Law of Limitation, how much of the court fee shall be refunded to the appellant?

(1) Full

(2) one-half

(3) one-third

(4) Forfeited

यदि एक अपील का ज्ञापन इस आधार पर नामंजूर होता है कि वह परिसीमा विधि के द्वारा विहित समयावधि में प्रस्तुत नहीं किया गया था, अपीलार्थी को कितना न्यायशुल्क वापस किया जाएगा?

(1) पूर्ण

(2) आधा

(3) एक तिहाई

(4) जब्त

101. In a suit for a declaration in regard to the validity of an adoption, where the market value of the property involved is Rs. 10,00,000/-, the amount of court fee payable under the Rajasthan Court Fees and Suit Valuation Act, 1961, would be: -

(1) ad valorem

(2) Rs. 50/-

(3) Rs. 500/-

(4) Rs. 1,00,000/-

दत्तक की विधिमान्यता के सम्बन्ध में एक घोषणा के वाद में, जहां अन्तर्वलित सम्पत्ति का बाजार मूल्य 10,00,000/– रूपये है, वहां राजस्थान न्याय शुल्क एवं वाद मूल्यांकन अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत देय न्याय शुल्क की राशि होगी:–

(1) मूल्यानुसार

(2) 50/– रूपये

(3) 500/– रूपये

(4) 1,00,000/– रूपये

102. A written agreement to sell immovable property, situated at Alwar, possession whereof is handed over to the purported purchaser, is executed between the parties at Jaipur:-

(1) the registration of the document is compulsory

(2) the registration of the document is left to the choice of the vendee

(3) the registration of the document is left to the choice of the vendor

(4) None of the above



https://www.pyqonline.com

अलवर में स्थित स्थावर सम्पत्ति के विक्रय का एक लिखित करार पक्षकारों के मध्य जयपुर में निष्पादित हुआ, जिस सम्पत्ति का आधिपत्य कथित क्रेता को सुपुर्द कर दिया गया, उक्त:–

(1) दस्तावेज का पंजीयन अनिवार्य है

(2) दस्तावेज का पंजीयन क्रेता के विकल्प पर है

(3) दस्तावेज का पंजीयन विक्रेता के विकल्प पर है

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**103.** Who is not entitled to present a Will to a Registrar or Sub-Registrar for registration?

(1) The testator

(2) After the death of the testator, executor under the will

(3) After the death of the testator, legatee under the will

(4) None of the above

रजिस्ट्रार या उप–रजिस्ट्रार को पंजीयन के लिए वसीयत को प्रस्तुत करने के लिए कौन हकदार नहीं है?

(1) वसीयतकर्ता

(2) वसीयतकर्ता की मृत्यु के पश्चात, वसीयत के अधीन निष्पादक

(3) वसीयतकर्ता की मृत्यु के पश्चात, वसीयत के अधीन वारिस

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**104.** Surcharge for conservation and propagation of cow and its progeny is chargeable under the Rajasthan Stamp Act, 1998 under provision of :-

(1) Section 3 of the Act

(2) Section 3-A of the Act

(3) Section 3-B of the Act

(4) No such surcharge is chargeable

राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 के किस प्रावधान के अन्तर्गत गाय एवं उसकी संतानों के संरक्षण और प्रसार के लिए अधिभार प्रभार्य है:–

(1) अधिनियम की धारा 3 के अन्तर्गत

(2) अधिनियम की धारा 3–क के अन्तर्गत

(3) अधिनियम की धारा 3–ख के अन्तर्गत

(4) कोई अधिभार प्रभार्य नहीं है

**105.** In absence of an agreement to the contrary the expense of providing for the proper stamp duty, on a Bank Guarantee, shall be borne by:-

(1) the Bank issuing the Bank Guarantee

(2) the person in favour of whom the Bank Guarantee is executed

(3) 50% each by the Bank and the person in favour of whom the Bank Guarantee is executed

(4) None of the above



https://www.pyqonline.com

एक बैंक प्रतिभू पर उचित स्टाम्प शुल्क उपलब्ध कराने का खर्च, विपरीत करार के अभाव मे, वहन किया जाएगा:–

(1) बैंक प्रतिभू जारी करने वाले बैंक द्वारा

(2) उस व्यक्ति द्वारा, जिसके पक्ष में बैंक प्रतिभू निष्पादित की गई है

(3) बैंक एवं उक्त व्यक्ति, जिसके पक्ष में बैंक प्रतिभू निष्पादित की गई है, प्रत्येक के द्वारा 50 प्रतिशत

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

106. Which former Judge of Supreme Court authored the book "Neither Roses Nor Thorns"?

(1) Justice H.R. Khanna

(2) Justice K.K. Mathew

(3) Justice M.H. Kania

(4) Justice P.N. Singhal

पुस्तक "Neither Roses Nor Thorns" के लेखक उच्चतम न्यायालय के कौनसे पूर्व न्यायाधीश हैं?

(1) न्यायमूर्ति एच. आर. खन्ना

(2) न्यायमूर्ति के. के. मैथ्यू

(3) न्यायमूर्ति एम. एच. कानिया

(4) न्यायमूर्ति पी. एन. सिंघल

107. Keoladeo National Park is located in which district of Rajasthan?

(1) Kota

(2) Bundi

(3) Bharatpur

(4) Sikar

केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान राजस्थान के किस जिले में स्थित है?

(1) कोटा

(2) बूंदी

(3) भरतपुर

(4) सीकर

108. The final match of the ICC World Test Championship, 2021 between India & New Zealand was played at:–

(1) India

(2) New Zealand

(3) England

(4) Australia



https://www.pyqonline.com

भारत व न्यूजीलैण्ड के मध्य आईसीसी वर्ल्ड टैस्ट चैम्पियनशिप, 2021 का फाईनल मैच खेला गया था:-

(1) भारत में

(2) न्यूजीलैण्ड में

(3) इंग्लैण्ड में

(4) आस्ट्रेलिया में

**109.** The state bird of Rajasthan is:-

(1) Sparrow

(2) Great Indian Bustard

(3) Koel

(4) Peacock

राजस्थान का राज्य पक्षी है:-

(1) गौरैया

(2) गोडावण

(3) कोयल

(4) मोर

**110.** Principal Seat of Rajasthan High Court is situated at:-

(1) Jaipur

(2) Jodhpur

(3) Udaipur

(4) Bikaner

राजस्थान उच्च न्यायालय की मुख्य पीठ स्थित है:-

(1) जयपुर में

(2) जोधपुर में

(3) उदयपुर में

(4) बीकानेर में

**111.** Presently, the Attorney General of India is: -

(1) Shri K.K. Venugopal

(2) Shri Tushar Mehta

(3) Shri Mukul Rohatgi

(4) Shri Fali S. Nariman

वर्तमान में भारत के महान्यायवादी हैं:-

(1) श्री के. के. वेणुगोपाल

(2) श्री तुषार मेहता

(3) श्री मुकुल रोहतगी

(4) श्री फली एस. नरीमन



https://www.pyqonline.com

112. Who acts as the President of India when neither the President nor the Vice President is available?

(1) Senior most Governor

(2) Chief Justice of India

(3) Speaker of Lok Sabha

(4) Comptroller and Auditor General of India

भारत के राष्ट्रपति के रूप में कौन कार्य करता है जब ना तो राष्ट्रपति एवं ना ही उप–राष्ट्रपति उपलब्ध हों?

(1) वरिष्ठतम राज्यपाल

(2) भारत के मुख्य न्यायाधीश

(3) लोकसभा अध्यक्ष

(4) भारत के नियन्त्रक–महालेखाकार

113. Khardung La, one of the highest motorable pass, is situated at:-

(1) Ladakh

(2) Arunachal Pradesh

(3) Sikkim

(4) Himachal Pradesh

खारदुंग ला, एक उच्चतम वाहनयोग्य दर्रा, स्थित है:–

(1) लद्दाख में

(2) अरूणाचल प्रदेश में

(3) सिक्किम में

(4) हिमाचल प्रदेश में

114. Which High court exercises territorial jurisdiction over Andaman & Nicobar Islands?

(1) Kerala High Court

(2) Madras High Court

(3) Calcutta High Court

(4) Karnataka High Court

अण्डमान एवं निकोबार द्वीपसमूहों पर प्रादेशिक क्षेत्राधिकार कौन से उच्च न्यायालय का है?

(1) केरल उच्च न्यायालय

(2) मद्रास उच्च न्यायालय

(3) कलकत्ता उच्च न्यायालय

(4) कर्नाटक उच्च न्यायालय



https://www.pyqonline.com

115. Who was recently elected Prime Minister of Israel?

(1) Mr. Benjamin Netanyahu

(2) Mr. Naftali Bennett

(3) Mr. Ariel Sharon

(4) None of the above

हाल ही में इजराईल का प्रधानमंत्री कौन निर्वाचित हुआ?

(1) श्री बेंजामिन नेतन्याहू

(2) श्री नफ्ताली बेनेट

(3) श्री एरियल शेरॉन

(4) उपरोक्त में से कोई नही

116. Who among the following was the first gold medallist at the Commonwealth Games from independent India?

(1) Vikas Gowda

(2) Paan Singh Tomar

(3) Milkha Singh

(4) None of the above

स्वतन्त्र भारत से राष्ट्रमंडल खेलो में प्रथम स्वर्ण पदक विजेता निम्न में से कौन था?

(1) विकास गौडा

(2) पान सिंह तोमर

(3) मिल्खा सिंह

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

117. The name given to the border which separates Pakistan and Afghanistan is:-

(1) Redcliffe Line

(2) Durand line

(3) McMahon Line

(4) None of the above

पाकिस्तान और अफगानिस्तान को अलग करने वाली सीमा-रेखा को नाम दिया गया है:-

(1) रैडक्लिफ रेखा

(2) डूरण्ड रेखा

(3) मैकमहोन रेखा

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं



https://www.pyqonline.com

118. Tenure of a judge appointed to the Supreme Court of the United States of America, is:-

(1) till he attains the age of 75 years

(2) till he attains the age of 70 years

(3) till he attains the age of 65 years

(4) remainder of his life

सयुक्त राज्य अमेरीका के उच्चतम न्यायालय में नियुक्त न्यायाधीश का कार्यकाल है:-

(1) जब तक वह 75 वर्ष की आयु प्राप्त नहीं कर लेता

(2) जब तक वह 70 वर्ष की आयु प्राप्त नहीं कर लेता

(3) जब तक वह 65 वर्ष की आयु प्राप्त नहीं कर लेता

(4) उसके जीवित रहने तक

119. Which country among the following is not a member of the BRICS, an informal group of states?

(1) Russia

(2) China

(3) Brazil

(4) Sri Lanka

निम्न में से कौन सा देश, राज्यो के एक अनौपचारिक समूह ब्रिक्स का सदस्य नहीं है?

(1) रूस

(2) चीन

(3) ब्राजील

(4) श्रीलंका

120. Integrated Circuit chips (IC chips) used in computers are usually made of:-

(1) Lead

(2) Silicon

(3) Chromium

(4) Gold

कम्प्यूटर में प्रयुक्त होने वाले इंटिग्रेटिड सर्किट चिप्स (आईसी चिप्स) सामान्य रूप से बनते है:-

(1) सीसा से

(2) सिलिकॉन से

(3) क्रोमियम से

(4) स्वर्ण से



https://www.pyqonline.com

121. What is the meaning of maxim "Actus curiae neminem gravabit"?

(1) Every Act has a remedy

(2) Curable defects can be ignored

(3) Act of court shall prejudice no one

(4) Act of God has no remedy

सूत्र "Actus curiae neminem gravabit" का आशय क्या है?

(1) प्रत्येक कृत्य का उपचार है

(2) उपचार योग्य कमियों की उपेक्षा की जा सकती हैं

(3) न्यायालय के कृत्य किसी को पूर्वाग्रह कारित नहीं करेंगे

(4) दैवीय कृत्य का उपचार नहीं है

122. Which of the following maxims means "You cannot transfer what you do not have"?

(1) Nemo dat quod non habet

(2) Nemo Firut Repente Turpissimus

(3) Nemo Moriturus Praesumitur Mentireuth

(4) Nemo Tenetur Ad Impossibile

निम्न सूत्रों में किसका आशय है "जो तुम्हारे पास नहीं है वह तुम अंतरित नहीं कर सकते"?

(1) Nemo dat quod non habet

(2) Nemo Firut Repente Turpissimus

(3) Nemo Moriturus Praesumitur Mentireuth

(4) Nemo Tenetur Ad Impossibile

123. "Actio personalis moritur cum persona" means:-

(1) A personal right of action dies with the person

(2) Personal Care of citizens

(3) An action directed toward a Criminal for reformation

(4) An action is not given to him who is not injured

"Actio personalis moritur cum persona" से अभिप्रेत है:-

(1) कार्यवाही का व्यक्तिगत अधिकार उस व्यक्ति के साथ मर जाता है

(2) नागरिकों की व्यक्तिगत देखभाल

(3) सुधार के लिए एक अपराधी की ओर निर्देशित एक कार्यवाही

(4) जो आहत नहीं है उसे कार्यवाही का अधिकार नहीं दिया गया है



https://www.pyqonline.com

124. The maxim of "Falsus in uno falsus in omnibus" is:-

(1) Rule of law

(2) Rule of caution

(3) Not applicable in India

(4) Both (2 & 3 above)

"Falsus in uno falsus in omnibus" का सूत्र है:–

(1) विधि का नियम

(2) सावधानी का नियम

(3) भारत में अप्रयोज्य

(4) दोनों (उपरोक्त 2 व 3)

125. Which Legal Maxim denotes "The law does not notice trifling matters"?

(1) dura lex sed lex

(2) dolus auctoris non nocket successori

(3) de minimis non curat lex

(4) domus sua cuique est tutissimum refugium

"विधि तुच्छ मामलों पर ध्यान नहीं देती" कौन सा विधिक सूत्र इंगित करता है?

(1) dura lex sed lex

(2) dolus auctoris non nocket successori

(3) de minimis non curat lex

(4) domus sua cuique est tutissimum refugium

126. The acid which is produced in the stomach for digestion of food, is:-

(1) Acetic acid

(2) Sulfuric acid

(3) Hydrochloric acid

(4) None of the above

अम्ल, जो खाना पचाने के लिए पेट में उत्पादित होता है, वह है:–

(1) शुक्ताम्ल

(2) सल्फयूरिक अम्ल

(3) हाईड्रोक्लोरिक अम्ल

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं



https://www.pyqonline.com

127. Sternum relates to which part of the human body:-

(1) Thigh

(2) Skull

(3) Thorax

(4) Pelvis

उरास्थी मानव शरीर के किस भाग से सम्बन्धित है:-

(1) जांघ

(2) खोपडी

(3) छाती

(4) वस्ति-प्रदेश

128. In a death by strangulation, the following body organ will be affected:-

(1) Lungs

(2) Liver

(3) Kidney

(4) Windpipe

गला घोंटने से मृत्यु में, निम्न में से शरीर का अंग प्रभावित होगा:-

(1) फेफडे

(2) यकृत

(3) गुर्दा

(4) स्वांस नली

129. Atherosclerosis is a disease of :-

(1) Veins

(2) Arteries

(3) Brain

(4) Stomach

एथेरोस्क्लेरोसिस एक रोग है:-

(1) नसों का

(2) धमनियों का

(3) मस्तिष्क का

(4) पेट का



https://www.pyqonline.com

130. The process of digging out a human corpse from the grave on suspicion of death having occurred because of foul play, is called:-

(1) Funeral

(2) Embalmment

(3) Cremation

(4) Exhumation

बेईमानी से हुई मौत के सन्देह में कब्र से एक मानव लाश को खोदने की प्रक्रिया को कहा जाता है:–

(1) अंत्येष्टि

(2) शवलेपन

(3) शवदाह

(4) शवोत्खनन

131. In which case did Supreme Court allow passive Euthanasia?

(1) Menka Gandhi v. Union of India

(2) R.C.Cooper v. Union of India

(3) Aruna Shanbaug v. Union of India

(4) PUDR v. Union of India

किस मामले में उच्चतम न्यायालय ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी?

(1) मेनका गांधी बनाम भारत संघ

(2) आर. सी. कूपर बनाम भारत संघ

(3) अरूणा शानबॉग बनाम भारत संघ

(4) पीयूडीआर बनाम भारत संघ

132. Which Supreme Court Judgement laid down that, "The Court would be acting within its jurisdiction in exercise of its power under Order VII Rule 11 C.P.C. in rejecting the plaint, even after settlement of issues."?

(1) Samar Singh vs. Kedar Nath and Ors. : AIR 1987 SC 1926

(2) Chhedi Ram vs. Jhilmit Ram and Ors. : AIR 1984 SC 146

(3) Mithilesh Kumar vs. R. Venkataraman and Ors.: AIR 1987 SC 2371

(4) Shiv Charan Singh vs. Chandra Bhan Singh : AIR 1988 SC 637

उच्चतम न्यायालय का कौन सा निर्णय अभिनिर्धारित करता है कि "सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 7 नियम 11 के अन्तर्गत, विवाद्यकों के स्थरीकरण के पश्चात भी वाद को नामंजूर करना, न्यायालय के क्षेत्राधिकार में कार्य करना होगा"?

(1) समर सिंह बनाम केदार नाथ एवं अन्य : ए.आई.आर. 1987 सुप्रीम कोर्ट 1926

(2) छेदी राम बनाम झिलमित राम एवं अन्य : ए.आई.आर. 1984 सुप्रीम कोर्ट 146

(3) मिथिलेश कुमार बनाम आर. वेंकटरमन व अन्य : ए.आई.आर. 1987 सुप्रीम कोर्ट 2371

(4) शिव चरण सिंह बनाम चन्द्र भान सिंह : ए.आई.आर. 1988 सुप्रीम कोर्ट 637



https://www.pyqonline.com

133. In which case Supreme Court laid down that under Section 167 Cr.P.C., in appropriate cases, it will be open to courts to order 'house arrest'?

(1) Romila Thapar & Ors. vs. Union of India & Ors.

(2) Gautam Navlakha vs. National Investigation Agency

(3) The State of Maharashtra vs. Surendra Pundlik Gadling and Ors.

(4) None of the above

उच्चतम न्यायालय ने किस मामले में अभिनिर्धारित किया कि दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 167 के अन्तर्गत, उचित मामलों में 'गृह निरोध' का आदेश देना न्यायालयों के लिए उपलब्ध है?

(1) रोमिला थापर एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य

(2) गौतम नवलखा बनाम नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेन्सी

(3) महाराष्ट्र राज्य बनाम सुरेन्द्र पुंडलिक गाडलिंग एवं अन्य

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

134. Which judgement of Supreme Court laid down that a gift deed (hiba) for an immovable property, executed by an individual under the Mohammedan Law does not require registration irrespective of the value of the property?

(1) Hafeeza Bibi and Ors. vs. Farid (Dead) by L.Rs. and Ors

(2) Bibi Fatima and Ors. vs. M. Ahamed Hussain and Ors

(3) Shayara Bano vs. Union of India and others

(4) None of the above

उच्चतम न्यायालय का कौनसा निर्णय अभिनिर्धारित करता है कि मुस्लिम विधि के अन्तर्गत एक व्यक्ति द्वारा निष्पादित स्थावर सम्पत्ति के दान–विलेख (हिबा) के पंजीयन, चाहे सम्पत्ति का मुल्य कुछ भी हो, की आवश्यकता नहीं है?

(1) हफिजा बीबी एवं अन्य बनाम फरीद (मृतक) द्वारा विधिक प्रतिनिधिगण एवं अन्य

(2) बीबी फातिमा एवं अन्य बनाम एम. अहमद हुसैन एवं अन्य

(3) शायरा बानो बनाम भारत संघ एवं अन्य

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

135. In which of the following judgement, Supreme Court laid down that Stamp duty is chargeable on market value of the property on the date when document/sale deed is tendered for registration and not on market value of the property as on date of agreement?

(1) Har Devi Asnani vs. State of Rajasthan

(2) State of Rajasthan and Ors. vs. Satyam Properties

(3) State of Rajasthan and Ors. vs. Khandaka Jain Jewellers

(4) None of the above



https://www.pyqonline.com

निम्न निर्णयों में से किसमें उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि स्टाम्प शुल्क उस दिनांक के बाजार मूल्य पर प्रभार्य होता है जब दस्तावेज/विक्रय पत्र पंजीयन हेतु प्रस्तुत किया गया है और ना कि करार की दिनांक के बाजार मूल्य पर?

(1) हर देवी असनानी बनाम राजस्थान राज्य

(2) राजस्थान राज्य एवं अन्य बनाम सत्यम प्रोपर्टीज

(3) राजस्थान राज्य एवं अन्य बनाम खण्डाका जैन ज्वैलर्स

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

136. Which judgement of the Rajasthan High Court laid down that under Sub-section (3) of Section 21 of the Rajasthan Rent Control Act, 2001 ordinarily, where the question of facts is depended on oral testimony, the cross examination of deponent has to be permitted?

(1) Dinesh Kumar and Ors. vs. Fayaz Ali : 2017 SCC Online Raj 855

(2) National Textiles Corporation Ltd. vs. Pankaj Singhal and Ors. : 2016(2) RLW 1355 (Raj.)

(3) Rational Handloom Corp. Pvt. Ltd. vs. M/s Kewal Chand Bhanwar Lal & Anr. : 2018(3) WLN 310 (Raj.)

(4) Aasandas vs. State of Rajasthan and Ors. : 2005(2) RLW 1281 (Raj.)

राजस्थान उच्च न्यायालय का कौन सा निर्णय अभिनिर्धारित करता है कि राजस्थान किराया नियन्त्रण अधिनियम, 2001 की धारा 21 की उपधारा (3) के अन्तर्गत सामान्य रूप से जहा तथ्यों का प्रश्न मौखिक कथन पर निर्भर है, अभिसाक्षी की प्रतिपरीक्षा अनुज्ञेय करनी होगी?

(1) दिनेश कुमार एवं अन्य बनाम फैयाज अली : 2017 एस.सी.सी. ऑनलाईन राज. 855

(2) नेशनल टैक्सटाईल्स कार्पोरेशन लि. बनाम पंकज सिंघल एवं अन्य : 2016 (2) आर.एल. डब्ल्यू. 1355 (राजस्थान)

(3) रेशनल हैंडलूम कार्पोरेशन प्रा. लि. बनाम मै. केवल चन्द भंवर लाल एवं अन्य : 2018 (3) डब्ल्यू.एल.एन. 310 (राजस्थान)

(4) आसनदास बनाम राजस्थान राज्य एवं अन्य : 2005 (2) आर.एल.डब्ल्यू. 1281 (राजस्थान)

137. In Amit Sahni Vs. Commissioner of Police : AIR 2020 SC 4704 Supreme Court laid down that:-

(1) Public spaces cannot be occupied indefinitely for expressing dissent.

(2) Levy of Goods & Service Tax (GST) on lottery is constitutional.

(3) Active involvement in the commission of offence is not a pre-condition for common intention.

(4) None of the above.



https://www.pyqonline.com

अमित कुमार साहनी बनाम पुलिस कमिश्नर : ए.आई.आर. 2020 पेज 4704 मे उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि:–

(1) असंतोष व्यक्त करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर अनिश्चित काल तक आधिपत्य नही किया जा सकता है।

(2) लॉटरी पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की वसूली संवैधानिक है।

(3) अपराध में सक्रिय साझीदारी सामान्य आशय के लिए पूर्ववर्ती शर्त नही है।

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**138.** **Supreme Court dealt with the issue whether a major Hindu unmarried daughter is entitled to claim maintenance from her father under Section 125 Cr.P.C., in which of the following judgement:-**

(1) **Shailja & Anr. Vs. Khobanna : AIR 2017 SC 1174**

(2) **Kamala and ors. v. M.R. Mohan Kumar : AIR 2018 SC 5128**

(3) **Abhilasha v. Parkash : AIR 2020 SC 4355**

(4) **None of the above**

निम्न मे से किस निर्णय में उच्चतम न्यायालय ने इस विषय पर कि क्या दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के अन्तर्गत एक वयस्क हिन्दू अविवाहित पुत्री उसके पिता से भरण पोषण का दावा करने की अधिकारणी है, चर्चा की:–

(1) शैलजा एवं अन्य बनाम खोबन्ना : ए.आई.आर. 2017 सुप्रीम कोर्ट 1174

(2) कमला एवं अन्य बनाम एम.आर. मोहन कुमार : ए.आई.आर. 2018 सुप्रीम कोर्ट 5128

(3) अभिलाषा बनाम प्रकाश : ए.आई.आर. 2020 सुप्रीम कोर्ट 4355

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**139.** **Supreme Court held that "a statement recorded Under Section 67 of the N.D.P.S. Act, 1985 cannot be used as a confessional statement in the trial of an offence under the N.D.P.S. Act", in which of the following case:-** https://www.pyqonline.com

(1) **Tofan Singh vs. State of Tamil Nadu : AIR 2020 SC 5592**

(2) **Raj Kumar Karwal and Ors. v. Union of India : AIR 1991 SC 45**

(3) **Kanhaiyalal v. Union of India : AIR 2008 SC 1044**

(4) **None of the above**

उच्चतम न्यायालय ने निम्न मे से किस मामले में यह प्रतिपादित किया कि "स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम के अपराध के विचारण में स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 67 के अन्तर्गत लेखबद्ध कथन संस्वीकृत कथन के रूप में प्रयुक्त नहीं किए जा सकते हैं":–

(1) तूफान सिंह बनाम तमिलनाडू राज्य : ए.आई.आर. 2020 सुप्रीम कोर्ट 5592

(2) राज कुमार कारवाल एवं अन्य बनाम भारत संघ : ए.आई.आर. 1991 सुप्रीम कोर्ट 45

(3) कन्हैयालाल बनाम भारत संघ : ए.आई.आर. 2008 सुप्रीम कोर्ट 1044

(4) उपरोक्त में से कोई नही



https://www.pyqonline.com

140. The 5 judge Bench in National Insurance Company Ltd. vs. Pranay Sethi : AIR 2017 SC 5157 laid down addition of the following percentage of the established income of the deceased, in case the deceased was self-employed or on a fixed salary and below the age of 40 years, towards future prospects:-

(1) 60%

(2) 50%

(3) 40%

(4) 30%

नेशनल इन्श्योरेंस कम्पनी लि. बनाम प्रणय सेठी : ए.आई.आर. 2017 सुप्रीम कोर्ट 5157 में पांच न्यायाधीशों की खण्डपीठ ने मृतक के स्व–नियोजित या निश्चित वेतन पर होने तथा 40 वर्ष से कम आयु का होने के मामलों में, मृतक की स्थापित आय में भविष्य की प्रत्याशा की ओर निम्न में से कितने प्रतिशत का जोड़ अभिनिर्धारित किया है:–

(1) 60 प्रतिशत

(2) 50 प्रतिशत

(3) 40 प्रतिशत

(4) 30 प्रतिशत

141. Which one of the following is a correct sentence?

(1) I am living here since 1995.

(2) I have been living here since 1995.

(3) I were living here from 1995.

(4) I was living here since 1995.

142. Opposite of "Forbid" is:-

(1) Defy

(2) Dislike

(3) Permit

(4) Understand

143. "Flog a dead horse" means:-

(1) To beat the horse to death.

(2) Cruelty to animals.

(3) Waste effort on something when there is no chance of succeeding.

(4) To try to get work out of some one who is already exhausted.



https://www.pyqonline.com

144. Choose the correct spelling:-

(1) Assesment

(2) Asessment

(3) Assessement

(4) Assessment

145. 'Achilles heel' means:-

(1) a painful spot

(2) a weak point

(3) a foot desease

(4) a kind of fungus

146. भाषा की सबसे छोटी इकाई है–

(1) शब्द

(2) व्यंजन

(3) स्वर

(4) वर्ण

147. "चिरायु" शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है:–

(1) चि

(2) चिर

(3) यु

(4) आयु

148. अनुपम शब्द का पर्यायवाची शब्द है:–

(1) स्वर्गीय

(2) लौकिक

(3) पार्थिव

(4) अद्वितीय

149. विहगम–दृष्टि का अर्थ है:–

(1) सरसरी दृष्टि

(2) गहरी दृष्टि

(3) सम्यक दृष्टि

(4) पैनी दृष्टि

150. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है:–

(1) अपराधी को न्यायालय द्वारा दो वर्ष की सजा दी गई।

(2) दो वर्ष की सजा अपराधी को न्यायालय द्वारा दी गई।

(3) अपराधी को सजा न्यायालय द्वारा दो वर्ष की दी गई।

(4) अपराधी को न्यायालय द्वारा दो वर्ष की सजा सुनाई गई।

*********



https://www.pyqonline.com